कार्यालय में जमा करनी होगी।

21-यात्रा के दौरान चालक के रात्रि विश्राम तथा भोजन नाश्ता आदि की व्यवस्था वाहन स्वामी द्वारा की जायेगी।

अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तरकाशी।

# भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, भोपालपानी, देहरादून।

संख्या:1622 भू0खनि0नि0/स्था0/विज्ञ0/2023-24 दिनांक: 24 जून, 2024

## भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखंड, देहरादून में आउटसोर्सिंग के आधार पर मानव शक्ति/कार्मिक प्रदान करने के लिए एजेंसी के चयन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

निदेशालय के पत्र संख्या 3170/स्था0/भू0खनि0निदे0/2023-24 दिनांक 23.03.2024 के क्रम में औद्योगिक विकास (खनन) अनुभाग-1 उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या 715/VII-A-1/2024-3 (102) 2021 दिनांक 01.05.2024 के साथ संलग्न सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र संख्या 640/XXXI (15) G/24-02(सा0)/2022 दिनांक 30.04.2024 की प्रति संलग्न करते हुए अनुवीक्षण समिति द्वारा प्रदत्त सहमति/संस्तुति के अनुरूप प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है। शासन के उक्त पत्र दिनांक 01.05.2024 के साथ संलग्न सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र दिनांक 30.04.2024 के क्रम में निदेशालय के पत्र संख्या 473/स्था0/भू0खनि0निदे0/2024-25 दिनांक 07 मई, 2024 के द्वारा भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत विभागीय संरचनात्मक ढांचे में स्वीकृत पदों के सापेक्ष रिक्त पदों को यथा खान अधिकारी, सहायक भूवैज्ञानिक खान निरीक्षक, सर्वेक्षक, सहायक खनिज पर्यवेक्षक, कनिष्ठ सहायक चालक एवं फिल्ड परिचर के पदों को उत्तराखण्ड लोक सेव आयोग/अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से भरे जाने अथवा 11 माह, जो भी पहले हो, तक उत्तराखण्ड सरकार/भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी निजी सेवा प्रदाता फर्म/एजेन्सी का चयन किये जाने के लिए तकनीकी निविदा (Technical bid) एवं वित्तीय निविदा (Financial Bid) इच्छुक बोलीदाताओं से निम्नवत् वर्णित विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

**1. निविदा की समय सारणी :-**

| | |
|---|---|
| विज्ञापन प्रकाशन की तिथि | दिनांक 25.06.2024 (मंगलवार) |
| dgm.uk.gov.in पर निविदा अपलोड की तिथि | दिनांक 26.06.2024 (बुधवार) |
| dgm.uk.gov.in से निविदा डाउनलोड आरम्भ करने की तिथि | दिनांक 26.06.2024 (बुधवार) |
| निविदा जमा करने हेतु आरम्भ तिथि | दिनांक 27.06.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | दिनांक 10.07.2024 (बुधवार) को सांय 05:00 बजे तक |
| तकनीकी निविदा खोलने तथा निविदा के परीक्षण/मूल्यांकन आरम्भ किये जाने की तिथि एंव समय | दिनांक 11.07.2024 (बृहस्पतिवार) पूर्वाहन 12:00 बजे से |
| समिति द्वारा तकनीकी निविदा के परीक्षण/मूल्यांकन के उपरान्त सफल निविदादाताओं की वित्तीय निविदा खोली जायेगी। | |

समस्त प्रतिभागी निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की प्रक्रिया का विस्तृत विवरण तकनीकी निविदा (Technical Bid) तथा वित्तीय निविदा (Financial Bid) प्रपत्र में किया गया है। उक्त निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, रायपुर-थानो रोड़, भोपालपानी, देहरादून से तथा विभागीय वेबसाईट dgm.uk.gov.in से डाउनलोड कर भी प्राप्त किया जा सकता है, जिस हेतु रू0 4,000.00 (चार हजार मात्र) + उक्त धनराशि का 18% GST का बैक ड्राफ्ट निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म, निदेशालय के पक्ष में पृथक से जमा कराते हुए बैंक ड्राफ्ट की प्रति निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि से पूर्व मूल में निविदा के साथ दिनांक 10.07.2024 को 05:00 बजे तक निदेशालय तक उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा। इस समयावधि के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। सभी निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि उक्तानुसार निविदा प्रपत्र प्राप्त कर उसका भली-भांति अध्ययन करने के उपरान्त ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। अस्पष्ट एवं अपूर्ण निविदा प्रपत्रों/आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा।

(राजपाल लेघा)
निदेशक